# DAV NUPPL Public School
## NUPPL Township, Ghatampur, Kanpur Nagar, UP-209206

**Assignment: Half yearly** **Class: VII**

**Subject: Hindi** **Session: 2024-25**

**अपठित बोध**

**1. निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

नागरिक के कर्तव्य और अधिकारों की समष्टि को नागरिकता कहा जाता है। नागरिकता ऐसी विशेषता है, जिसके अभाव में मनुष्य न तो समाज का आवश्यक अंग बन पाता है और न राज्य का। इसके बिना मनुष्य का जीवन एक प्रकार से या तो पशुत्व हो जाता है या महान वैरागी सन्यासी के समान, जिसका सांसारिकता से कोई संबंध नहीं होता। अतः नागरिकता हर मनुष्य को नागरिक बनाने के लिए आवश्यक है। सदाचार का अर्थ है-सत् + आचार = सात्विक व्यवहार। किंतु साधारण अर्थ में इसका प्रयोग उन सभी व्यवहारों और कार्यों के लिए होता है जो समाज द्वारा हो और अच्छे सामाजिक क्रियाओं को नियंत्रित करता रहता है। इसकी आवश्यकता होती है| समाज को व्यवस्थित तथा स्पंदित रखने के लिए। झूठ न बोलना, चोरी न करना, किसी को अनावश्यक ढंग से न सताना आदि सदाचार माने जाते हैं। इन सब कार्यों का त्याग इसलिए आवश्यक होता है कि इनसे समाज में अव्यवस्था उत्पन्न होती है तथा समाज का ढाँचा लड़खड़ा जाता है। समाज उन्हीं गुणों का आदर-सम्मान करता है जो सामाजिक विधियों को दृढ़ बनाने में तथा बहुजन हिताय और बहुजन सुखाय कार्यों में सहायक होते हैं।

(क) गद्यांश में ‘सांसारिकता से क्या अभिप्राय है?

(अ) सांसारिक जीवन से विरक्ति का भाव

(ब) सांसारिक भोग-विलास के साधन

(स) सांसारिक कर्त्तव्यों और अधिकारों का निर्वहन

(द) सांसारिक जीवन से माया-मोह

(ख) समाज द्वारा मनुष्य की दैनिक और सामाजिक क्रियाओं को नियंत्रित क्यों किया जाता है?

(अ) नागरिकों को कर्तव्य पालन सिखाने के लिए

(ब) समाज को व्यवस्थित और मर्यादित करने के लिए

(स) सांसारिक जीवन से मोह भंग न होने के लिए

(द) अनाचार को बढ़ावा देने के लिये

(ग) गद्यांश के अनुसार निम्नलिखित में से किसे सदाचार माना जाता है ?

(अ) झूठ न बोलना

(ब) चोरी न करना

(स) किसी को अनावश्यक रूप से न सताना

(द) ये सभी

(घ) नागरिकता का अर्थ है-

(अ) अनाचार को बढ़ावा

(ब) कर्तव्य और अधिकारों का समूह

(स) सामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण

(द) सिर्फ़ अधिकारों की अपेक्षा

(ड) निम्नलिखित **कथन ( )** और **कारण (R)** को ध्यानपूर्वक पढ़िए। फिर नीचे दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-

**कथन ( )** सदाचार समाज को व्यवस्थित तथा स्पंदित रखने के लिए आवश्यक है

**कारण (R)** सदाचार द्वारा बहुजन हिताय और बहुजन सुखाय कार्यों में सहायता होती हैं।

(अ) कथन ( ) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।

(ब) कथन ( ) गलत है। लेकिन कारण (R) सही है ।

(स) कथन ( ) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) कथन ( ) की सही व्याख्या है ।

(द) कथन ( ) और कारण (R) दोनों सही हैं लेकिन कारण (R) कथन ( ) की सही व्याख्या नहीं है|

**निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

तापित को स्निग्ध करे,
प्यासे को चैन दे;
सूखे हुए अधरों को
फिर से जो बैन दे
ऐसा सभी पानी है|
लहरों के आने पर,
काई-सा फटे नहीं;
रोटी के लालच मे
तोते-सा रटे नहीं
प्राणी वही प्राणी है|

लँगड़े को पाँव और
लूले को हाथ दे,
सत की संभार में
मरने तक साथ दे,
बोले तो हमेशा सच,
सच से हटे नहीं;
झूठ के डराए से
हरगिज डरे नहीं|
सचमुच वही सच्चा है|
माथे को फूल जैसा
अपने को चढ़ा दे जो;
रूकती-सी दुनिया को

आगे बढा दे जो;
मरना वही अच्छा है|

प्राणी का वैसे और
दुनिया मे टोटा नहीं,
कोई प्राणी बड़ा नहीं
कोई प्राणी छोटा नहीं|

**(क)** कविता में किस प्रकार के प्राणी को सच्चा कहा गया है**?**

(अ) जो हमेशा सच बोले और सच से न हटे

(ब) जो झूठ से डरे

(स) जो लालच में फंसे

(द) जो तोते की तरह रटे

**(ख)** कविता में किस पानी को सही पानी माना गया है?

(अ) जो केवल प्यास बुझाए

(ब) जो तप्त को ठंडक दे और चैन दे

(स) जो केवल सूखे अधरों को बैन दे

(द) उपरोक्त सभी कविता के अनुसार,

**(ग)** कौन सा प्राणी अच्छा है?

(अ) जो लहरों के आने पर काई सा फटे नहीं (ब) जो रोटी के लालच में तोते-सा रटे नहीं

(स) जो सच्चाई से हटे नहीं (द) उपरोक्त सभी

**(घ)** कविता में 'लहरों के आने पर' किस बात का संकेत दिया गया है?

(अ) जीवन की कठिनाइयाँ (ब) समुद्र की लहरें

(स) नदी की धारा (द) पानी की बूँदें

(ड) **कथन (A)**सच्चा प्राणी वह है जो झूठ से नहीं डरता और हमेशा सच बोलता है।

**कारण( )-** सच्चाई और साहस एक सच्चे व्यक्ति की पहचान होती है।

(अ) दोनों कथन () और कारण () सही हैं, और कारण () सही तरीके से कथन को समझाता है।

(ब) दोनों कथन () और कारण () सही हैं, लेकिन कारण () सही तरीके से कथन () को नहीं समझाता।

(स) कथन () सही है, लेकिन कारण () गलत है।

(द) कथन () गलत है, लेकिन कारण () सही है।

2. **निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए|**

तन्मय का ख्याल आते ही मैंने घबराकर इधर-उधर नजर घुमाई तो देखा कि वह सामने की दुकान पर पटाखे देख रहा है। मुझे तसल्ली हुई कि वह कहीं दूर नहीं गया मेरा सामान पैक हो रहा था, सो मेरा इस ओर कुछ ज्यादा ही ध्यान था। अचानक तन्मय ने मुझे जोर से पुकारा "दादा जी" और मैंने मुड़ कर देखा तो हैरान रह गया। तन्मय

ने दुकानदार का हाथ पकड़ रखा था और दुकानदार घबरा कर हाथ छुड़ाना चाह रहा था। मैं लपककर वहाँ पंहुचा तो तन्मय गुस्से से चीखा, “यह झूठा दुकानदार है! इसने गरीब बच्चों को चोर कहकर उन्हें थप्पड़ मारे हैं। गरीब बच्चों पर हाथ उठाने का इसे क्या हक है? मैं इसे थाने ले जाऊँगा और उसके खिलाफ रिपोर्ट लिखवाऊंगा। उधर दुकानदार ने मुझे देखा तो घबरा गया। वह जानता था कि कॉलोनी में मेरी कितनी इज्जत है। “लेकिन इसने उन बच्चों को क्यों मारा?” मैंने पूछा और देखा कि चार गरीब बच्चे और खड़े रो रहे हैं।अब तो भीड़ भी तमाशा देखने लगी थी।

(क) तन्मय ने दुकानदार का हाथ क्यों पकड़ा था?

(अ) वह दुकानदार से दोस्ती करना चाहता था।

(ब) वह दुकानदार से लड़ाई करना चाहता था।

(स) वह दुकानदार को कुछ दिखाना चाहता था।

(द) वह दुकानदार को रोकना चाहता था।

(ख) तन्मय के दुकानदार का हाथ पकड़ते ही, लेखक को क्या महसूस हुआ?

(अ) लेखक को खुशी महसूस हुई।

(ब) लेखक को हैरानी महसूस हुई।

(स) लेखक को गुस्सा महसूस हुआ।

(द) लेखक को दुख हुआ।

(ग) लेखक ने तन्मय को किसके साथ देखा?

(अ) अपने दोस्तों के साथ (ब) गरीब बच्चों के साथ

(स) दुकानदार के साथ (द) पुलिस के साथ

(घ) लेखक ने दुकानदार के बारे में क्या सोचा?

(अ) दुकानदार अच्छा इंसान है।

(ब) दुकानदार गरीबों की मदद करता है।

(स) दुकानदार झूठा है।

(द) दुकानदार चालाक है।

(ड) लेखक ने गरीब बच्चों के बारे में क्या कहा?

(अ) बच्चों के पास कोई अधिकार नहीं है।

(ब) बच्चों को मुफ्त में खाना मिलना चाहिए।

(स) बच्चों को अनुशासन में रहना चाहिए।

(द) गरीब बच्चों के ऊपर हाथ उठाने का किसी को हक़ नहीं है।

**निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

सदा शक्ति बरसाने वाला,
प्रेम सुधा बरसाने वाला ,
वीरों को हरसाने वाला
मातृभूमि का तन मन सारा
झंडा ऊँचा रहे हमारा।।

स्वतंत्रता के भीषण रण में
लड़कर जोश भरे छन छन में
काँपे शत्रु देखकर मन में
मिट जाए भय संकट सारा
झंडा ऊँचा रहे हमारा ।
इस झंडे के नीचे निर्भय
ले स्वराज हम सब चल निश्चय
बोले भारत माता की जय
स्वतंत्रता है ध्येय हमारा
झंडा ऊँचा रहे हमारा।।

(क) कविता के अनुसार, स्वतंत्रता के भीषण रण में लड़ते हुए कौन-सा भाव भर जाता है?

(अ) प्रेम (ब) जोश (स) डर (द) निराशा

(ख) कविता में झंडे को किसके साथ जोड़ा गया है?

(अ) मातृभूमि के तन मन से
(ब) वीरता से
(स) प्रेम से
(द) स्वतंत्रता से

(ग) शत्रु को देखकर क्या होता है?

(अ) वह खुश हो जाता है।
(ब) वह झंडा फहराता है ।
(स) वह कांपने लगता है ।
(द) वह डरकर भाग जाता है।

(घ) कविता के अनुसार किस ध्येय के लिए हम निर्भय होकर झंडे के नीचे चलने का संकल्प करते हैं?

(अ) वीरता के लिए
(ब) स्वराज के लिए
(स) प्रेम के लिए
(द) अहिंसा के लिए

(ङ) इन पंक्तियों में "स्वतंत्रता" किसे कहा गया है?

(अ) लक्ष्य (ब) प्यार (स) संघर्ष (द) विजय

**ज्ञानसागर**

---

**पाठ 4 : बातूनी / अभ्यास सागर**

1- सज्जन ने राजू से लिफाफा किसलिए माँगा ?

2- किसी और से अपना काम करवाने का क्या बुरा परिणाम हो सकता है?

3- बातचीत भी एक कला है। इस पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

4- लेखक को सज्जन से मिलने में क्या समस्या थी?

5- लेखक अपने घर से बाहर जाने के लिए दूसरा रास्ता क्यों अपनाता था?

6- वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए -

(अ) जहाँ पहुँचाना आसान हो – .........................

(स) जो बहुत बोलता हो - .........................

(ब) जिसका कोई पार न हो – .........................

(द) जिसका पता न हो - .........................

7- निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए –

(—) माताजी (ख) वीरांगना (ग) वधु (घ) सुनार

8- निम्नलिखित शब्दों के प्रत्यय शब्द बताइए।

(क) पढ़ाई (ख) जवानी (ग) चिल्लाहट (घ) अपनापन

9-दिए गए शब्द समूहों में से विशेषण व विशेष्य शब्द अलग अलग कर के लिखिएं-

(क) अच्छे मित्र (ख) आपकी चिट्ठी (ग) बुरा आदमी

10- दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिएं-

पाप , कोमल ,आदि , लोक

**<u>पाठ :6 समय/ अभ्यास सागार</u>**

**1**- समय की पाबंदी क्यों आवश्यक है?

2- कविता में कवि क्या संदेश देना चाहता है?

3- जीवन को मोती क्यों कहा गया है?

4- यदि आप समय का सदुपयोग नही करेंगे तो क्या होगा?

5- पूरे दिन आप समय का सही प्रयोग किस प्रकार करते है, एक तालिका बनाकर बताएँ|

6- निम्नलिखित शब्दों के तत्सम शब्द बताइए।

(क) घर (ख) चाँद (ग) आग (घ) घोड़ा

7-विशेषण की परिभाषा देते हुए उसके भेद भी लिखियें|

8- नीचे दी गयी ऋतुओं की एक-एक विशेषता लिखिएं|

(क) बसंत (ख) शीत (ग) वर्षा ।

9- सामान अर्थ वाले शब्द लिखिएं-

अभिलाषा ,चंद्रमा , नेत्र , इच्छा

**<u>पाठ 7 - स्कूल की छुट्टियाँ/ अभ्यास सागार</u>**

**1**- स्वामीनाथन के पिताजी का मिजाज खराब था किन-किन कर्म से पता चला?

2- स्वामीनाथन ने छठे प्रश्न के उत्तर के बारे में झूठ क्यों कहा?

3- स्कूल के चपरासी का क्या नाम था?

4- कौन सी भाषा का पेपर पांच बजे तक चलने वाला था?

5-अगर स्वामीनाथन परीक्षा देते समय उत्तर भूल जाता तो क्या होता?

(अ) जहाँ पहुचना आसान हो –

(ब) जिसका कोई पार न हो –

6- नीचे दिए गये वाक्यों में मोटे काले सर्वनाम शब्दों के भेद लिखिए –

(क) यह खिलौना कौन लाया।

(ख) दाल में कुछ पड़ा है।

(ग) यह पुस्तक राज की है।

(घ) अपना काम स्वयं करना अच्छी आदत है।

**पाठ 8 -एवरेस्ट की चुनौती/ अभ्यास सागार**

1- हिलेरी की चिमनी शिखर के मार्ग की सबसे बड़ी बाधा कैसे थी?

2- संसार के सबसे ऊंचे शिखर के नाम बताओ?

3- एवरेस्ट पर चढ़ाई करना बहुत मुश्किल है आपको कौन-कौन से मार्ग मुश्किल लगते हैं?

4- एवरेस्ट की चढ़ाई करने के लिए रस्से को बंधना क्यों आवश्यक होता हैं?

5- एवरेस्ट चढ़ाई के बाद लेखक को कैसा अनुभव हुआ?

6- निम्नलिखित शब्दों के भाववाचक संज्ञा बनाइए-

बच्चा, बूढ़ा, मीठा, मित्र ,युवा

7-निम्नलिखित शब्दों के विशेषण- भेद लिखिए-

चतुर , कुछ, लाल, पांच

8-उपयुक्त मुहावरों के वाक्य बनाओ।

आस्तीन का साँप, नौ दो ग्यारह होना , नाच न जानें आंगन टेढ़ा

**पाठ 9- सवाल का जवाब/ अभ्यास सागार**

1- दुकानदार ने अपनी खींझ किन पर निकाली और क्यों?

2- तन्मय की बात सुनकर दुकानदार को कैसा लगा और उसने क्या किया?

3- तन्मय ने गरीब बच्चों का पक्ष क्यों लिया होगा?

4- दिवाली पर बाज़ार का दृश्य कैसा होता हैं?

5- दिवाली का त्योहार हमें कैसे मनाना चाहिएं?

6- बिना पटाखों के दिवाली मनाने का एक संदेश लिखिए

7- निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया भेद लिखिएं-

(क) राम देर तक सोता है| (ख) मैंने उसे एक पुस्तक दी|

(ग) बच्ची सो रही हैं| (घ) रमा पत्र लिख रही हैं|

8- निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिएं -

निर्भय , हर्षाना ,ध्येय , आरोग्य

## रचनात्मक लेखन

1- आप हाल ही में नैनीताल की यात्रा करके आए हैं| यात्रा के अनुभव (80 से100) शब्दों में अपनी डायरी में लिखिए|

2- आज बाजार में आपको अपने पुराने मित्र से पांच साल बाद मुलाकात हुई। मुलाकात के बारे में अपने विचार और भावनाएं व्यक्त करते हुए (80 से 100) शब्दों में डायरी लिखें।

3- **अपने क्षेत्र की गन्दगी साफ कराने हेतु स्वास्थ्य अधिकारी को ( 50 से 80 शब्दों) में एक पत्र लिखिए**

4- मित्र को परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई (50 से 80 शब्दों में) पत्र लिखिए

5- निम्नलिखित विषय पर (100-125) शब्दों में अनुच्छेद लिखिएं।

**(क) परिश्रम ही उन्नति और सफलता का आधार है, (ख) विद्यार्थी जीवन के नियम,**

**(ग) विज्ञान के लाभ**

6- **नीचे दिए गए चित्रों का वर्णन (50-80) शब्दों में करिए|**

**(i)**



(ii)

